पत्रकारों की आवश्यकता
मासिक समाचार पत्र के लिए हर जिले से पत्रकारों की आवश्यकता है
मुख्य कार्यालय : समराला चौक लुधियाना,141008
MOB : 98154-74830

UDAY SAVERA
# उदय सवेरा
हर नई खबर आपके लिए...
लुधियाना
RNI NO. PUNBIL/2022/86480

Ganpati Car Bazar
Deals in: All Kinds of Used & Imported Cars Sale & Purchase
On Commission Basis
Finance Facility also Available
Samrala Chowk, Ludhiana
Mob : 98154 - 74830

HINDI - PUNJABI | EDITOR: KARAN KUMAR AGGARWAL M.98154-74830, JOINT EDITOR: RAJESH KUMAR M.98158-00836 | udaysavera7@gmail.com
तिथि : 4 जून 2024 से 3 जुलाई 2024 | दिन: बुधवार | अंक : 26 | वर्ष : 3 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 05 रुपये

## जालंधर वेस्ट में भाजपा को बड़ा झटका, सुभाष गोरिया ने की आप में घर वापसी

### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी में किया शामिल

जालंधर, (अमन जॉर्ज) जालंधर वेस्ट हल्के में भाजपा को बड़ा झटका लग गया है।सुभाष गोरिया ने भारतीय जनता पार्टी छोड़ आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है।सुभाष गोरिया पिछले 31 वर्षों से समाज सेवा में अपनी भूमिका निभा रहे है और 2 बार जालंधर लोकसभा व 2 बार जालंधर वेस्ट हल्के से शिव सेना की टिकट से चुनाव भी लड़ चुके है और राष्ट्रीय हिन्दू ह ल्पल इ न संगठन के भी वो चेयरमैन है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सुभाष गोरिया को पार्टी में शामिल करवाया है।बता दें की जालंधर से मेंबर पार्लियामेंट रह चुके सुशील कुमार रिंकू के करीबी बताए जाते है सुभाष गोरिया लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए थे।जिनका प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पार्टी में स्वागत किया था।पहले सुभाष गोरिया आम आदमी पार्टी में ही थे लेकिन चुनाव से कुछ दिन पहले ही भाजपा से हाथ मिला लिया था। अब वापस से उनकी आप में घर वापसी मानी जा रही है। सुभाष गोरिया के साथ लोग दिल से जुड़े हुए है और उन्ह लोगो को पार्टी से मतलब नही होता सिर्फ गोरिया से मतलब होता है जिसका फायदा अब जालंधर वेस्ट से आप के प्रत्याशी मोहिंदर भगत को होगा।सुभाष गोरिया का पार्टी में शामिल होने से मोहिंदर भगत कर वोट बैंक की अब बड़ौती होगी।वही बाल किशन बाली,डॉ तीर्थ राम को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी का सरोपा डालकर पार्टी में शामिल किया।इस अवसर पर वरिष्ठ आप नेता गगन धालीवाल,नीतू कपूर,के एन भटी आदि भी मैजूद रहे।



## प्रसिद्ध समाजसेवी राकेश जैन ने फ्री मेडिकल कैंप लगा जन्मदिन मनाया



लुधियाना, 3 जुलाई (करन अग्रवाल) समाज सेवा को समर्पित प्रसिद्ध समाजसेवी राकेश जैन अध्यक्ष भगवान महावीर सेवा संस्थान द्वारा 2005 से निरंतर देश भर में किया जा रहे मानव सेवा कार्य विशेष कर दिव्यांग भाई बहनों के निशुल्क ऑपरेशन जैसे पोलियोग्रास्त एवं टेढ़े-मेढ़े हाथ से पीड़ित सैकड़ो नहीं, हजारों मरीजों के निरंतर ऑपरेशन करवा कर पुण्य का उपार्जन तो कर ही रहे हैं इसी के साथ-साथ पारिवारिक कार्यक्रम जैसे जन्मदिन एवं शादी की सालगिरह को कभी भी केक न काटकर ,हमेशा सामाजिक कार्यों में इस विशेष दिन को समर्पित किया जा रहा है आज राकेश जैन ने अपने जन्मदिन को भी संस्थान द्वारा चलाई जा रही सभी चैरिटेबल डिस्पेंसरी में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाकर जिसमें फ्री मेडिकल चेकअप,फ्री शुगर चेकअप, फ्री बी पी चेकअप,फ्री दवाइयां के साथ-साथ गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के निशुल्क टेस्ट भी करवाएं, डॉ संदीप मिगलानी, डॉक्टर संजीव मेहता, स्टर्लिंग लैब के चीफ टेक्नीशियन गोकुलेश गुप्ता द्वारा इस कैंप में मुख्य भूमिका निभाई, सभी चैरिटेबल डिस्पेंसरी (नूर वाला रोड, सुंदर नगर, हरगोबिंद नगर,) में 120 मरीज का फ्री शुगर चेकअप हुआ 130 मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गई एवं 23 मरीज के निशुल्क टेस्ट करवाए गए, टोटल 273 मरीज ने इस कैंप में लाभ उठाया इस मौके पर डॉ संदीप मिगलानी, डॉ संजीव मेहता, रमा जैन,अनिता रानी, तानिया शर्मा, उर्वशी मेहता, डॉ नेहा गुप्ता आदि अन्य उपस्थित थे।

## हिंदू कौम अगर हिंसक होती तो कश्मीर से हिंदुओं का पलायन कभी न होता : करण अरोड़ा



मोहाली, 3 जुलाई (विजय) शिव सेना हिन्द की एक हंगामी बैठक शिव सेना हिन्द नवनियुक्त आई.टी विंग के पंजाब प्रधान युवा नेता करण अरोड़ा की अगुवाई में हुई । करण अरोड़ा ने बातचीत करते हुए बताया की इस बात में कोई संदेह नहीं है की कांग्रेस ने हमेशा हिंदुओं के साथ विश्वासघात किया है । चाहे वह कश्मीर से हिंदुओं का पलायन हो या फिर गोधरा काण्ड हो । उन्होंने कहा की कांग्रेस ने हमेशा विशेष समुदाय को खुश करने के लिए हिंदुओं पर अत्याचार किया है । उन्होंने कहा राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को भरी लोकसभा में हिंसक बताना राहुल गांधी व समस्त कांग्रेस पार्टी की हिंदू समाज के प्रति नफरत को उजागर करता है। उन्होंने ने कहा की इससे पहले भी कांग्रेस सरकार में गृहमंत्री रहे सुशील कुमार शिंदे ने हिंदुओं को आतंकवादी बताया था । अरोड़ा ने कहा कांग्रेस के नेता यह बयानबाजी सिर्फ विशेष समुदाय को खुश करने के लिए करते हैं ताकि चुनावों में वोटबैंक का फायदा उठाया जा सके । अरोड़ा ने कहा की अगर हिंदू आतंकी होता या फिर हिंदू समाज हिंसक तो कश्मीर से कभी हिंदुओं का पलायन न होता , गोधरा काण्ड कभी न होता । और तो और हिंदुओं को अपने ही मंदिर बनवाने के लिए न्यायालय का सहारा न लेना पड़ता । उन्होंने कहा की हिंदू समाज से सहिष्णु और शांत कौम कोई नहीं है जिन्होंने अपने आराध्य भगवान राम के मंदिर के लिए 500 वर्षों तक इंतजार किया व अन्य मंदिरों के लिए कोर्ट का सहारा लेना पड़ रहा है वे भला हिंसक कैसे हो सकते हैं । अरोड़ा ने कहा की अगर राहुल गांधी समस्त हिंदू समाज से माफी नहीं मांगते हैं तो देश भर में उनके खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

## निशांत बेदी निशु बने हिन्दू सेना फाउंडेशन के जिला प्रधान

लुधियाना, (सुदर्शन खन्ना) हिन्दू सेना फाउंडेशन द्वारा आयोजित मीटिंग के दौरान समाज सेवक निशांत बेदी निशु को लुधियाना जिला का प्रधान नियुक्त किया गया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रधान अश्वनी सूरी जी ने विश्वास जिताया है कि निशांत बेदी संगठन की नीतियों का प्रचार तनदेही के साथ करेंगे एव संगठन की मान मर्यादा को बनाये रखेंगे ,उन्होंने कहा की संगठन हिन्दू समाज के हितो की रक्षा के लिए हमेशा बंचनबद्ध है ,इस अवसर पर नवनियुक्त जिला प्रधान निशांत बेदी ने राष्ट्रीय प्रधान अश्वनी सूरी का आभार प्रकट करते हुए आश्वाशन दिया और कहा की उन्होंने सदैव सनातन धर्म की ध्वजा को सम्मान दिया है उन्होंने संगठन को विश्वास दिलाया की वो संगठन की नीतियों का प्रचार कर हिन्दू हितो की रक्षा के प्रति बंचनबद्ध रहेंगे।



## भाजपा युवा नेता ने राहुल गांधी पर हिंदुत्व के खिलाफ जहर उगलने पर निशान सादा



फरीदकोट, (विपन मितल) देश की संसद में बोलते हुए राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को हिंसा वादी कहा पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश नेता मनीष मित्तल ने रोश जताते हुए राहुल गांधी से पूरे हिंदू समाज व देश से माफी की मांग की भाजपा नेता मनीष मित्तल ने कहा कि हिंदुओं के प्रति दिया गया नफरत वाला बयान कांग्रेस की मानसिकता दर्शाते हैं कि सनातन से कांग्रेस शुरू से नफरत करती आई है उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि जो हिंदू कांग्रेस के लिए कार्य कर रहे हैं उन्हें भी सच्चे हिंदू के नाते तुरंत कांग्रेस से इस्तीफा दे देना चाहिए ऐसे में राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल देना चाहिए ताकि कोई भी सनातन के खिलाफ ना बोल सके मनीष मित्तल ने कहा अगर राहुल गांधी ने माफी नहीं मांगी तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की शिकायत दायर की जाएगी युवा नेता मनीष मित्तल की तरफ से कहा गया सनातन पुरातन है इसे मिटाने में मुगलों ने अंग्रेजों ने सब ने जोर लगा लिया अब कांग्रेस अपना जोर जितना है लगा सके तो लगा ले, राहुल को सोने के चम्मच लेकर पैदा होने वाला बताते हुए युवा नेता ने कहा वह पहले हिंदुओं को गाली देते हैं और फिर जनेऊ पहनकर मंदिर घूमने निकल पड़ते हैं उन्हें इस्लाम से जुड़ी एक तस्वीर भी दिखाई जो उनकी लोकसभा में तुष्टिकरण की नीति की और इशारा करती है ।

## जंग-ए-आजादी के महान स्वतंत्रता सेनानी थे मौलाना हबीब उर रहमान लुधियानवी

### हिन्दू पानी-मुसलमान पानी की साजिश को नाकाम कर दिया था गोरों के खिलाफ फतवा : उस्मान रहमानी



लुधियाना, 3 जुलाई (करन अग्रवाल) भारत के स्वतंत्रता संग्राम में लुधियाना से राष्ट्रीय नायक मौलाना हबीब उर रहमान लुधियानवी के 129वें जन्म दिवस के मौके पर ऐतिहासिक जामा मस्जिद में स्वतंत्रता संग्राम की पार्टी मजलिस अहरार इस्लाम की ओर से कुरान शरीफ पढ़ कर दुआ के साथ उन्हे याद किया गया। इस अवसर पर संबोधन करते हुए शाही इमाम मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने कहा मौलाना हबीब उर रहमान लुधियानवी भारत की जंग-ए-आज़ादी के वह नायक हैं जिन्होंने अंग्रेज साम्राज्य की जड़े हिला दी थीं। मौलाना हबीब उर रहमान लुधियानवी ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में 14 साल जेल काट और अंग्रेजों द्वारा रेलवे स्टेशनों पर हिन्दू पानी और मुस्लिम पानी के म ट क` लगवा कर रची गई साजिश के खिलाफ ऐलान करते हुए पेशावर तक सभी मटके तुड़वा दिए और इस जुर्म में जेल भी काटी और देश के लोगों को समझा दिया कि एक ही पानी पीकर अंग्रेजों की साजिश को नाकाम बनाना है। शाही इमाम ने कहा कि यह मौलाना हबीब उर रहमान लुधियानवीं ही थे, जिन्होंने जालिम अंग्रजों की परवाह ना करते हुए शहीद-ए- आजम भगत सिंह के परिवार, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, पंडित जवाहर लाल नेहरू, पंथ रत्न मास्टर तारा सिंह, पंजाब केसरी लाला लाजपत राय, नामधारी सतगुरु प्रताप सिंह, सय्यद अताउल्लाह शाह बुखारी का हमेशा साथ दिया। यह मौलाना हबीब उर रहमान लुधियानवी ही थे जिन्होंने 1947 में देश के विभाजन को अस्वीकार करते हुए पाकिस्तान की स्थापना की विरोधता की और फिर पाकिस्तान जाने की बजाए भारत में रहने को उचित समझा। शाही इमाम मौलाना मुहम्मद उस्मान ने बताया कि भारत की जंगे आज़ादी का पहला फतवा भी आपके दादा जान मौलाना शाह अब्दुल कादिर लुधियानवी ने 1857 में दिया था और लुधियाना से अंग्रजों को मार भगाया था। उन्होंने कहा कि आज इस महान स्वतंत्रता सेनानी के जन्म दिवस के अवसर पर हम जहां उनके लिए दुआ करते हैं वहीं इस बात का फिर से प्रण करते हैं कि बहुत कुर्बानियों के बाद आज़ाद करवाए गए अपने इस भारत देश में एकता भाईचारे के लिए काम करते हुए देश के विकास में योगदान डालते रहेगें।

## मामला रेलवे स्टेशन से अगवा हुई बच्ची का 36 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी रेलवे पुलिस के हाथ खाली

### रेलवे पुलिस का रवैया ठीक नही - पीड़ित परिवार

लुधियाना, 01 जुलाई (देव सहगल) अपने परिवार के साथ सो रही सात महीने की मासूम बच्ची को 36 घण्टे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी रेलवे पुलिस ढूंढने में नाकाम रही है। ऐसा नही है कि रेलवे पुलिस कोशिश नही कर रही। लेकिन जैसे जैसे समय बीत रहा है वैसे-वैसे ही बच्ची की मां के साथ-साथ परिवार का रो-रोकर बुरा हाल होता जा रहा है। सोमवार को अगवा हुई बच्ची खुशी के पिता चंदन कुमार ने बताया कि रेलवे पुलिस तो अपनी कोशिश कर रही है लेकिन उनकी यह कोशिश हमें और भी दुख के अंधकार में डुबो रही है। पता नही मेरी बच्ची इस वक्त कहां और किस हाल में होगी। चंदन का कहना है कि जब मेरी बच्ची अगवा हुई थी तब पहले तो पुलिस का रवैया बिल्कुल ठीक नही था। जब हमने अपने रिश्तेदारों को घटना की जानकारी दी तो उनके आने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला भी दर्ज किया और स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चेक करना शुरू किया। वहीं, चंदन ने यह भी बताया कि रविवार सुबह जब बच्ची को कोई उठा कर ले गया तो इसके बारे में हमने वेटिंग हॉल में ड्यूटी कर रही आरपीएफ की एक महिला मुलाजिम को बताया तो उस महिला कांस्टेबल ने जवाब दिया कि मैं क्या करूँ अगर तुम्हारा कोई बच्चा ले गया है। अपने बच्ची को संभाल कर रखना था। इतना ही नही उस महिला मुलाजिम ने यह तक कह दिया कि बाकी परिवार और बच्चों को यहां से ले जाओ नही तो इन्हें भी कोई उठाकर ले जाएगा। इतना ही नही चंदन ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस के ठीक सामने करीब 8 से 10 फुट की दूरी से कोई हमारी बच्ची को उठाकर ले गया। हमने माना कि परिवार थकावट की वजह से सो गया। लेकिन पुलिस वाले तो जाग रहे थे। उन्हें कैसे पता नही चला कि बाकी परिवार सो रहा है और कोई महिला आई और बच्ची के साथ-साथ उनका एक बैग भी उठा कर चली गई। चंदन ने कहा कि पहले तो हमने सिर्फ सुना था कि रेलवे स्टेशन का यह हाल है जहां कोई अपराधी आता है और किसी का कोई भी सामान चोरी कर ले जाता है। लेकिन आज तो यात्रियों की सुरक्षा का दम भरने वाली रेलवे पुलिस के सामने ही हमारी खुद की बच्ची को कोई उठा कर ले गया। कैसे सुरक्षा देगी रेलवे पुलिस यात्रियों के सामान और उनके पारिवारिक सदस्यों की, जो अपनी ड्यूटी ही ठीक से नही कर पा रही है और यात्रियों से बदसलूकी से बात कर उन्हें भगाने की कोशिश करती हो।



# अखिल भारतीय सन्त नामदेव महासभा द्वारा निर्जला एकादशी पर लगायी गई छबील



लुधियाना, (दीपक भंडारी) अखिल भारतीय संत नामदेव महासभा द्वारा निर्जला एकादशी के पवित्र अवसर पर संस्था द्वारा राहगीरों के लिए ठंडे मीठे जल और शरबत की छबील को वितरित किया गया। अखिल भारतीय संत नामदेव महासभा अध्यक्ष दर्शन राणा ने कहा कि मान्यता है कि इस दिन मीठा जल पिलाने से पुण्य प्राप्त होता है। इस दिन पूजा पाठ के साथ दान का भी विशेष महत्व है। अखिल भारतीय संत नामदेव महासभा संस्था के युवा सदस्या ने विशेष तौर पर मुख योगदान रहा ,छबील लगाने का पूरा योगदान युवा मोर्चा के मेंबरो का रहा ,जिनमे अमन नीरज ,साहिल पुरवा ,अजय फूल , आर्यन फूल ,केशव फूल सक्षम पुरवा,हर्ष फूल ने मिलकर सेवा की एवं पंजाब कार्यकारणी के चेयरमैन रविन्द्र पुरवा,उप चेयर मैन रघुबीर सिंह,सेक्ट्री अजीत फूल संगठन मंत्री सतीश कुमार बागड़ी ,केशियर संजय नीरज , उप प्रधान भूपेंदर नामदेव,फाइनेंस सकतर परवीन पुरवा , उप प्रधान नरेश कंबोज कार्यकारणी मुख्य मेम्बर शीशपाल फूल,संजीव रंगा बाकी संस्था के समूह मेंबर हाजिर रहे ,अखिल भारतीय संत नामदेव महासभा के प्रधान दर्शन राणा ने कहा कि जल पिलाना हमारे सनातन में श्रेष्ठ कार्य है। इसके साथ उन्होंने धरती के पानी की सम्भाल का भी संदेश दिया तथा इसे विवेकपूर्ण ढंग से प्रयोग करने पर बल दिया।

# पंजाब ग्वनमैंट पैंशनर्ज एसोसिएशन की मासिक मीटिंग हुई : ढोसीवाल

## -- अहम विचार विमर्श किया गया --



श्री मुक्तसर साहिब, 09 जून (विपन मितल ) पंजाब ग्वनमैंट पैंशनर्ज एसोसिएशन की मासिक मीटिंग स्थानीय कोटकपूरा रोड स्थित सरकारी सीनियर सैकंड्री स्कूल (लडक़े) में हुई। जिला प्रधान करमजीत शर्मा की प्रधानगी में हुई इस मीटिंग में विभिन्न विभागों के सेवा मुक्त कर्मचारियों और फैमली पैंशनरों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। स्टेज सैक्टरी की कार्रवाई एसोसिएशन के जिला प्रधान बलवंत सिंह अटवाल ने शानदार ढंग से निभाई। मीटिंग दौरान सबसे पहले इस संसार से हमेशा के लिए चले गए मनोहर लाल सिडाना, महेंद्र सिंह बेदी और अन्य को श्रद्धांजली भेंट की गई और दो मिंट का मोन धारन किया गया। मीटिंग की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रेस सैक्टरी जगदीश राय ढोसीवाल ने बताया है कि मीटिंग दौरान चौ. बलबीर सिंह, काला सिंह बेदी, मेजर सिंह चौंतरा, बरनेक सिंह, गुरटेक सिंह बराड़, करतार सिंह बेरी और जसवंत सिंह बराड़ आदि समेत सभी वक्ताओं ने बहुत ही प्रभावशाली ढंग से अपने अपने विचार पेश किए। मुख्य रूप में अपने प्रधानगी भाषण में करमजीत शर्मा ने कहा कि एकता और संघर्ष के बिना अपने हक्कों की प्राप्ति नहीं की जा सकती। हम पैंशनरों को भी अपनी हक्की मांगों के लिए सख्त संघर्ष करना पड़ेगा। प्रैस सैक्टरी ने आगे बताया है कि इस महीने अपना जन्म दिन मनाने वाले बोहड़ सिंह थांदेवाला, काला सिंह बेदी, चौ. बलबीर सिंह, साधू सिंह लोहारा और मनमोहन कालड़ा को जन्म दिन की बधाई दी गई और हार पहना कर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई। इस सभी मैंबरों ने अपने जन्म दिन की खुशी में एसोसिएशन को आर्थिक सहयोग भी दिया गया। आज की मीटिंग दौरान कुलदीप सिंह बराड़, सुखबंस सिंह चहल, कुलवंत सिंह मान, इंद्र पाल सिंह, करनैल सिंह बेदी, महेश पाल रहेजा, बखशीस सिंह लाहौरिया, दयाल चंद, शाम लाल और दर्शन सिंह कानूगो आदि समेत बड़ी संख्या में अन्य पैंशनर मौजूद थे।

# करोडों की ठगी मार फरार चल रहे इमीग्रेसन संचालक कुलबीर सिंह कौडा और डा. रीत कौडा के खिलाफ पीडित हुए लामबंद

## 28 जून को रोष मार्च निकाल किसानों और परिवारिक सदस्यों के साथ करेंगे सीएम कोठी का घेराव





मोहाली, 23 जून (करन अग्रवाल) मोहाली शहर में इमीग्रेसन ठगी का कारोबार इतना बढ गया है कि अब पीडितों को अपने पैसे वापस लेने के लिए किसान जत्थेबंदियों से लेकर अन्य लोगों की मदद लेना पड रहा है। इसी सदंर्भ में मोहाली में विभिन्न इमीग्रेसन कंपनियों के नाम से विदेश भेजने का कारोबार करने वाले इमीग्रेसन संचालक कुलबीर सिंह कौड और डा रीत कौड, जिन पर करोडों की ठगी का आरोप है और कई दर्जन मामले दर्ज किए जा चुके हैं । इतना ही नहीं मोहाली में यह आरोपी पिछले कुछ समय से अपने कार्यालयों को बंद कर लोगों के साथ लगभग 200 करोड की ठगी करके फरार बताए जा रहे हैं और उनकी तालाश में मोहाली पुलिस छानबीन कर रही है। लेकिन ठगी के शिकार हुए पंजाब व अन्य राज्यों के लोगों को अभी तक किसी तरह का इंसाफ नहीं मिल पाया है जिसके चलते अब सीएम कोठी का घेराव करने और अनिश्चित समय के लिए हडताल करने का मन बनाया गया है । उपरोक्त विचार आज गुरूद्वारा सिंह शहीदां सोहाना में भारी संख्या में पहुंचे पीडितों से बातचीत करते हुए किसान जत्थेबंदियों के आगू व अन्य समर्थक शामिल थे, ने बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए व्यक्त किए । इस मौके इमीग्रेसन संचालक के सताए लोगों का दर्द सुनने के बाद सुखदेव सिंह होशियारपुर,भारतीय किसान यूनियन तोतेवाल मोगा सूबा प्रधान सुखगिल ने बताया कि उनके भाई ने स्वंय तीस लाख रूपया लगा कर बाहर जाने को इन ठगों को दिया था, लेकिन हैरानी की बात है कि शिकायत देने के बाद भी आरोपियों को गिरपफतार नहीं किया जा रहा है और उल्टा पीडितों का साथ देने वालों को तंग परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुलबीर सिंह कौडा, डा रीत कौडा और उनकी टीम मैंबर जिनमें गुरदास सिंह,राजकरन, माही, अमन सहित अन्य मैंबरों के खिलाफ शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन पुलिस कार्रवाही से कोई उम्मीद मिलती न दिखाई देने के बाद ही अब किसान जत्थेबंदियों और पीडितों के साथ-विचार-विमर्श किया गया है । उन्होंने बताया कि पीडितों और पीडितों के परिवारिक सदस्यों से विचार-विमर्श करने के बाद पक्का निर्णय लिया गया है कि अब आर-पार की लडाई लडी जाएगी इसके लिए क्यों न अब मरणावर्त पर भी बैठना पडे । उन्होंने बताया कि आज की मीटिंग के बाद यह फैसला लिया गया है कि 28 जून 2024 को पीडितों, किसानों और पीडित परिवारिक सदस्यों के साथ फेस-8 स्थित गुरूद्वारा अंब साहिब में पंजाब व अन्य राज्यों से आ कर एकत्रित होगें और उसके बाद सीएम पंजाब की कोठी का घेराव किया जाएगा ।

### पीडित बोले इमीग्रेसन ठग ने उजाड दिए सपने, बर्वाद किया कैरियर

मोहाली । गुरूद्वारा सिंह शहीदां में पंजाब हरियाणा से भारी संख्या में इमीग्रेसन संचालक कुलबीर सिंह कौडा और डा रीत कौडा के सताए गए पीडित लोग पहुंचे हुए थे, जिनका कहना था कि इस इमीग्रेसन संचालक ने उनके साथ एक-एक व्यक्ति से लगभग 8-10 लाख रूपए की ठगी मारी है और यह संख्या लगभग 350 के करीब उनकी जानकारी में है और इसकी सही जांच पडताल की जाए तो 1500 से अधिक पीडित सामने आएंगें। समराला पंजाब, मोगा और हरियाणा से आए कई पीडित महिलाए व युवतियों का कहना था कि इमीग्रेसन संचालक ने उनके सपनों को उजाड दिया और उनका कैरियर बर्वाद किया है, इसलिए अब ऐसे ठग के खिलाफ पूरी तरह से लडने के लिए तैयार है और सजा दिला कर ही दम लेगें ।

### इमीग्रेसन संचालक की मोहाली स्थित कोठी का भी करेंगें घेराव

मोहाली । पीडितों को इंसाफ दिलाने के लिए मैदान में उतरने वाले किसान आगू और अन्य समर्थकों का कहना है कि अभी वह सीएम पंजाब को अल्टीमेटम दे रहे हैं, लेकिन यदि समय पर कार्रवाही न हुई और आरोपी को गिरफतार न किया गया तो आरोपी की मोहाली स्थित कोठी का भी घेराव किया जाएगा और मरणावर्त भी शुरू किया जाएगा ।

### क्या कहना है मटौर थाना प्रभारी गब्बर सिंह का

मोहाली । उपरोक्त मामले में फोन पर संपर्क करने पर मटौर पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी गब्बर सिंह का कहना है कि कुलबीर कौडा के एक नहीं कई अन्य जगहों पर इमीग्रेसन के कार्यालय थे, लेकिन उनके इलाके का कार्यालय बंद पडा है और आरोपी फरार हैं । उन्होंने बताया कि उनके पुलिस स्टेशन में उपरोक्त आरोपी के खिलाफ लगभग 25 से 30 मामले दर्ज हैं और आरोपियों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि उनकी तरफ से पीडितों को पूरा साथ दिया जा रहा है और बकायदेतौर पर अपना फोन नंबर भी दिया है, यदि उनको आरोपी के बारें में कहीं कुछ पता लगता है तो उसकी जानकारी तुरंत दें ।

### मोहाली पुलिस ने विदेश भेजने के नाम ठगी करने वाले आरोपी को मुंबई से किया गिरफतार

मोहाली । गौरतलब है कि मोहाली फेस-1 पुलिस स्टेशन की पुलिस ने विदेश भेजने के नाम ठगी करने वाले एक आरोपी इन्द्रजीत सिंह सोही को मुंबई से गिरफतार किया है , जो विदेश भागने की तैयारी कर रहा था । पुलिस के मुताबिक आरोपी को अदालत में पेश करके पांच दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है और इस काम में आरोपी की पत्नी भी शामिल है जिसे जल्द गिरफतार कर लिया जाएगा। पुलिस मुताबिक आरोपी मुंबई का रहने वाला है और मोहाली में लोगों का यूके का वीजा लगाने के काम में ठगी मारी है और जाली वीजा भी लगवाने का आरोप है ।

# रेलवे स्टेशन से जीआरपी की सीआईए टीम ने एक किलो अफीम समेत पकड़े दो युवक



लुधियाना, 24 जून (देव सहगल/गगन अरोडा) महानगर लुधियाना के रेलवे स्टेशन से जीआरपी की सीआईए टीम ने रविवार को चेकिंग के दौरान दो नौजवानों से एक किलो अफीम बरामद की है। जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सोमवार को अदालत में पेश किया गया। जहां से उन दोनों युवकों से पूछताछ के लिए दो दिन का पुलिस रिमांड हांसिल किया है। जानकारी देते हुए जीआरपी की सीआईए टीम के इंचार्ज एसआई करणदीप सिंह ने बताया कि रविवार को हमारी पुलिस पार्टी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रूटीन चेकिंग कर रही थी। हमारी टीम के इंचार्ज एएसआई बलकार सिंह ने शक होने पर दो युवकों को रोक कर उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से एक किलो अफीम बरामद हुई। जिसकी सूचना बलकार सिंह ने अपने आलाधिकारियों को दी जिसके बाद उन दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जिन्हें आज अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए दो दिन का पुलिस रिमांड हांसिल किया गया है। करणदीप सिंह ने बताया कि अफीम के साथ पकड़े गए दोनों युवकों में झारखंड के जिला रांची के रहने वाले संजय कुमार और अनित कुमार है। करणदीप सिंह ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि पकड़े गए संजय और अनित गांव में ही लेबर का काम करते है और वो चंद रुपयों के लालच में यह अफीम की खेप ले आये है। फिलहाल पूछताछ के लिए दो दिन का रिमांड है। उसमें इनसे सख्ती से पूछताछ की जाएगी कि वो यह अफीम कहाँ से लाये है और पंजाब में उन्होंने यह किसे डिलीवर करनी थी। जिसके बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

# अग्र विभूति सम्मान से श्री अग्रसेन धाम को किया सन्मानित, श्री अग्रसेन धाम में 253 हवन यज्ञ हुए सम्पन्न




लुधियाना, 23 जून (करन अग्रवाल) श्री अग्रसेन धाम को अंतराष्ट्रीय अग्रवाल समेलन की तरफ से अग्रविभूति सन्मान दिया गया। यह सन्मान समेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष श्री बुधीश चंदर अग्रवाल ने श्री अग्रसेन धाम के प्रेजिडेंट सुनील जैन मित्तल को दिया । इस मौके पर अशोक भारती व पुजारी मोहन शर्मा जी भी मौजूद थे। यह जानकारी देते हुए धाम के प्रेजिडेंट सुनील जैन मित्तल ने बताया कि श्री अगर-सेनधाम में 1100 दिन तक चलने वाले महालक्ष्मी जी को समर्पित हवन यज्ञ के आज 253 हवन यज्ञ सम्पन्न हो गए है। आज का हवन यज्ञ पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के ओएसडी रहे अंकित बंसल और जगराओं से श्री अग्रसेन समिति के सदस्यों द्वारा बड़ी ही श्रद्धा के साथ करवाया गया। इस मौके पर श्री अग्रसेन धाम के बाहर सभी ने मिलकर पौधे भी लगाए। इससे पहले श्री अग्रसेन धाम के महिला मंडल (भजन मंडली)की अध्यक्षा स्वीटी बंसल परिवार ने राकेश बंसल के जन्म दिन मनाने के साथ साथ हवन यज्ञ करवा कर पारिवारिक सुख शांति की प्रार्थना भी की। इस अवसर पर स्वीटी बंसल परिवार द्वारा श्री अग्रसेन धाम को पौधे भी भेंट किये गए। श्री अग्रसेन धाम की तरफ से श्री बुधीश चंद्र अग्रवाल को धाम का स्मृति चिन्ह देकर सन्मानित भी किया गया।

# उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए आवास उपलब्ध कराने को लेकर डीसी ने की बैठक

## बैठक में विधायक राजिंदरपाल कौर छीना, एमसी कमिश्नर भी शामिल हुए

लुधियाना, 18 जून (प्रमोद मित्तल) लुधियाना के विभिन्न औद्योगिक घरानों में काम करने वाले श्रमिकों को आवास उपलब्ध कराने के लिए डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में विधायक राजिं-दरपाल कौर छीना, डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी, एमसी कमिश्नर संदीप ऋषि के अलावा रेलवे आदि के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। गौरतलब है कि धूरी लाइन एरिया के पास रेलवे लाइन को चौड़ा करने में 31 घर रास्ते में आ रहे हैं। बैठक के दौरान विधायक राजिंदरपाल कौर छीना द्वारा यह सुझाव दिया गया कि एमसी लुधियाना को उन 31 परिवारों को गियासपुरा और ढंडारी क्षेत्रों में स्थित आवासीय फ्लैट आवंटित किए जाने चाहिए जिनकी जमीन धुरी लाइन क्षेत्र के पास रेलवे लाइन के चौड़ीकरण के रास्ते में आ रही है। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि एमसी इस संबंध में पंजाब सरकार को एक प्रस्ताव सौंपेगी। डीसी साक्षी साहनी ने कहा कि बैठक काफी सार्थक रही. उन्होंने कहा कि विधायक ने लुधियाना के विभिन्न औद्योगिक घरानों में काम करने वाले श्रमिकों का मुद्दा उठाया था, जो लुधियाना (दक्षिण) निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में स्थित झुग्गियों और वेह्राओं में रहते हैं। इस बात पर विचार किया गया कि विभिन्न उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए आवास उन उद्योगों के साथ साझेदारी में ईडब्ल्यूएस आवास नीति के तहत लिया जा सकता है जहां वे काम करते हैं ताकि श्रमिकों को सम्मान के साथ सुविधाएं और आवास प्रदान किया जा सके। विधायक राजिंदरपाल कौर छीना ने कहा कि आज की बैठक बहुत ही सार्थक तरीके से हुई और उनके निर्वाचन क्षेत्र में रहने वाले श्रमिकों से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की ।




# पंजाब में आए दिन हो रही लूटपाट पर नकेल कसने की जरूरत : ताहिल शर्मा

## क्हा जब व्यपारी ही नहीं सुरक्षित तो आम जन का क्या होगा



मोहाली, 28 जून (राजेश अग्रवाल) पंजाब में आए दिन हो रही लूटपाट, मारपीट जैसी वारदातों पर नकेल कसने की जरूरत है, क्यांकि पंजाब में व्यपारी की सुरक्षित नहीं रह पाएंगें तो आम जन की सुरक्षा का क्या होगा। उपरोक्त विचार आज मीडिया को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा युवा मोर्चा जिला मोहाली के प्रधान ताहिल शर्मा उर्फ लक्की ने व्यक्त किए ।भाजपा युवा नेता ताहिल शर्मा ने मोहाली में फेस-10 जी के ज्वैलर्स की दूकान पर बंदूक की नोक पर सरेआम दिन दिहाडे हुई सोने की लूट मामले पर अफसोस जारी करते हुए कहा है कि ऐसे लुटेरों और लूटपाट करने वालों पर पुलिस को सख्ती से निपटना चाहिए । उन्होंने कहा कि गनीमत यह रही है कि दूकान पर दूकान मालिक की बैठी माता जी को गोली नहीं मारी नही तो यह घाटा उस परिवार को पूरी जिंदगी पूरा होने वाला नहीं था और माता जी ने भी बडी होशियारी दिखाते हुए लुटेरों से नहीं उल्झी, वरना कुछ भी हो सकता था। भाजपा युवा नेता ताहिल शर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार को पंजाब के नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने चाहिए और व्यपारियों के साथ-साथ आम जन के जान-माल की रक्षा की जिम्मेवारी लेनी चाहिए । उन्होंने कहा कि आए दिन मोहाली में ही अनेकों तरह की चोरियां और अपराधिक घटनाएं देखने और सुनने को मिलती है जिससे कई बार चाह कर भी कोई व्यापारी या लोग अपने बच्चों को यह जीवन यापन करने की सीख देने की वजाए विदेशों में भेजना ज्यादा बढिया समझते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि मोहाली पुलिस जल्द लुटेरों को गिरफतार करके उनको सलाखों के पीछे भेजेगी और पीडित दूकानदार का गया सोना वापस मिलेगा।

# क्षत्रिय महासंघ भारत का तृतीय अधिवेशन 14-15 सितम्बर 2024 को अयोध्या नगरी में आयोजित किया जायेगा

उदय सवेरा



लुधियाना, (प्रिन्स गर्ग ) क्षत्रिय महासंघ भारत पंजाब इकाई के अध्यक्ष बुद्ध सिंह ठाकुर ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि क्षत्रिय महासंघ भारत के अध्यक्ष कैप्टन सुरेश सिंह परमार राष्ट्रीय महासचिव महेंद्र पाल सिंह जादौन ने जानकारी दी क्षत्रिय महासंघ के भारत की तृतीया अधिवेशन इस बार भगवान राम की नगरी अयोध्या में 14 और 15 सितंबर 2024 शनिवार और रविवार दो दिवसीय का आयोजन निश्चय किया गया है पंजाब इकाई के अध्यक्ष बुद्ध सिंह ठाकुर ने बताया की इस अधिवेशन में राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष जिलों के अध्यक्ष और नारी शक्ति बहने और युवा कार्यकर्ता क्षत्रिय महासंघ के सैकड़ो के हिसाब से पदाधिकारी की पहुंचने की संभावना है ठाकुर ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया की पहला अधिवेशन महाकाल नगरी उज्जैन में हुआ था दूसरा अधिवेशन हरि का द्वार हरिद्वार में हुआ था अब यह तीसरा अधिवेशन भगवान राम की नगरी अयोध्या में होने जा रहा है सभी क्षत्रिय महासंघ भारत के लोगों से अपील है कि अपना-अपना रिजर्वेशन करवा लें हम बड़े सौभाग्यशाली हैं कि अधिवेशन के साथ-साथ प्रभु राम के भी दर्शन करेंगे

# संस्कार भारती की राज्य स्तरीय साधारण सभा 23 जून रामगढ़िया गर्ल्स कॉलेज में : डा. बबीता जैन

उदय सवेरा




लुधियाना, 19 जून (राजेश अग्रवाल) आज राष्ट्र स्तरीय साहित्य और कला की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की लुधियाना इकाई की एक मीटिंग का आयोजन सिविल लाइन में पंजाब की साहित्य संयोजिका डॉ. बबिता जैन की अध्यक्षता में हुई।लुधियाना इकाई संस्कार भारती के अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया आज पंजाब साधारण सभा के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया और लुधियाना इकाई इस कार्यक्रम की आयोजन कर रही है सभी सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई। इस सभा का आयोजन संस्कार भारती पंजाब इकाई की अध्यक्ष विश्व प्रसिद्ध लोक गायिका डॉक्टर सुखी बराड़ और सरदार रणजोध सिंह ,प्रधान ,रामगढ़िया एजुकेशनल काउंसिल एवं प्रिंसिपल ज्योति वर्मा के सहयोग से रामगढ़िया गर्ल्स कॉलेज लुधियाना में 23 जून दिन रविवार सुबह 10:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है ।इस अवसर पर पंजाब प्राप्त से विभिन्न जिलों के दायित्व धारी मौजूद रहेंगे और सभी की उपस्थिति में पंजाब प्राप्त के आगामी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसमें लुधियाना इकाई के चित्रकला विधा संयोजक प्रिंसिपल जसप्रीत मोहन की पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी और संगीत विधा संयोजक श्री कपिल शर्मा जी संस्कार भारती ध्येय गीत व राष्ट्रगीत की प्रस्तुति करेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम की प्रचार प्रसार सामग्री भी रिलीज की गई,संयोजिका डा.बबीता जैन ,अध्यक्ष प्रदीप शर्मा , सह मंत्री डा. पूनम सपरा , कोषाध्यक्ष राकेश जैन,प्रिंसिपल जसप्रीत मोहन उपस्थित रहे।

# जीआरपी की सीआईए ने सात किलो गांजे समेत पकड़ा युवक

## जीआरपी को रेलवे लाइनों पर लावारिस हालात में पड़ा मिला सात किलो गांजा



उदय सवेरा

लुधियाना, 13 जून (देव सहगल/गगन अरोड़ा) :पंजाब के महानगर लुधियाना के रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की सीआईए टीम ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति से सात किलो गांजा बरामद किया है। जिसे तुरंत हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया। जहाँ से उससे पूछताछ के लिए एक दिन रिमांड हांसिल किया है। जानकारी देते हुए जीआरपी की सीआईए टीम के इंचार्ज इंसपेक्टर पलविंदर सिंह ने बताया कि हमारी टीम बुधवार को रेलवे स्टेशन पर रूटीन चेकिंग कर रही थी। तभी एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन पर चेकिंग होती देख घबराई हालत में बाहर निकलने की कोशिश करने लगा। लेकिन हमारी टीम ने उसे रोक कर अपनी तलाशी देने को कहा तो वो और घबरा गया। पलविंदर सिंह ने बताया कि जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से सात किलो गांजा बरामद हो गया। जिसे तुरंत गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे वीरवार को अदालत में पेशकर पूछताछ के लिए एक दिन का पुलिस रिमांड हांसिल किया है। पलविंदर सिंह ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि सात किलो गांजे समेत पकड़ा गया युवक उड़ीसा के जिला गंजम का रहने वाला नटवर गौड़ा है। जो अपने गांव में खेती बाड़ी का काम करता है। नटवर ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि खेती का काम न होने पर वो पंजाब आ रहा था तो रास्ते मे उसे किसी ने उसे एक बैग दिया कि पंजाब में उससे यह बैग ले लेगा और बदले में उसे पांच हजार रुपए दे देगा। नटवर ने आगे बताया कि वो पांच हजार रुपए के लालच यह नशे की खेप ले आया है। वहीं दूसरी तरफ जीआरपी की गश्त टीम ने बुधवार को ही लक्कड़ पुल की रेलवे लाइनों के पास एक लावारिस हालत में पड़ा मक्ला। जब उसे खोल कर कर देखा तो उसमें करीब सात किलो गांजा बरामद हुआ। जिसे टीम के इंचार्ज एएसआई हाकम सिंह ने कब्जे में कर थाने जमाकर अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर है।

# किसान संगठनों ने लगाया लाडोवाल टोल प्लाजा को पक्का ताला

## किसान संगठनों ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होगी तब तक टोल प्लाजा फ्री रहेगा : प्रधान दिलबाग सिंह

उदय सवेरा






लुधियाना, (सुदर्शन खन्ना) लाडोवाल टोल प्लाजा को बंद करने हेतु किसानों द्वारा दिए अल्टीमेटम अनुसार आज किसान संगठनों ने पक्के तौर बन्द कर दिया गया। टोल प्लाजा बंद करने को लेकर भारतीय किसान मजदूर यूनियन पंजाब,किसान संगठनों व टैक्सी यूनियन द्वारा भारी संख्या में एकजुटता देखने को मिली। जहां किसान संगठनों के नेताओं ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर भारतीय किसान मजदूर यूनियन प्रधान दिलबाग सिंह गिल,भारतीय किसान यूनियन दोआबा मालवा ज़ोन प्रधान इंद्रवीर सिंह कादियां,हल्का गिल प्रधान सुरिंदर सिंह पवार ने कहा कि 13 दिन से टोल प्लाजा पर अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए थे। उन्होंने कहा कि इतने दिनों में न तो नेशनल हाईवे अथॉर्टी का कोई भी सदस्य यहां नहीं पहुंचा और प्रशासन का कोई भी अधिकारी ने भी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि जो काम राजनीतिकों का है उसको किसान संगठनों को करना पड़ रहा है। यूनियन के प्रधान दिलबाग सिंह गिल ने कहा जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं करते तब तक के लिए टोल प्लाजा बंद रहेगा। इस मौके पर भारतीय किसान मजदूर यूनियन पंजाब के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह भट्टी,भारतीय किसान मजदूर यूनियन पंजाब की ज़िला महिला प्रधान मैडम सुरिंदर कौर,मैडम सोनिया रानी,मैडम रम्मी मूम,मैडम कर्मजीत कौर,मैडम नीतू रानी,सुरिंदर कुमार धवन,मनोज नारंग,सुरजीत राम कैंथ,सोनी,पत्रकार सुरेश कुमार,मनदीप सिंह, सुखचैन मेहरा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बरसात में करंट लगने से मौत के आगोश में गए तीनों मृतकों के परिवारों को पंजाब सरकार दे 10-10 लाख की सहायता राशि : जतिन्द्र मितल

## कहा,मानसून की पहली बरसात ने खोली आप सरकार के झूठे विकास माडल की पोल

उदय सवेरा

लुधियाना, 28 जून (दीपक भंडारी) पंजाब भाजपा के उपाध्यक्ष जतिन्द्र मितल ने वीरवार को दो घंटे हुई बरसात से जलमग्न हुए लुधियाना शहर के अंदरुनी व बाहरी क्षेत्रो की बदहाल हालत के लिए पंजाब में आप सरकार के झूठे विकास माडल के दावों को जिम्मेदार ठहराया। वहीं बरसात के दौरान करंट लगने से एक बच्चे सहित तीन लोगो की हुई मौत पर मुख्यमंत्री सहित आप के स्थानीय विधायको की खामोशी की भी कड़े शब्दों में निंदा जतिन्द्र मितल ने की। उन्होने मुख्यमंत्री भगवंत मान से आग्रह किया कि वह मृतकों के परिवारों अनुदान के रुप में 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दें। मितल ने कहा मानसून की पहली दस्तक के साथ बरसाती पानी ने 10 घंटे तक सडक़ों पर एक छत्र साम्राज्य कायम रखा। निगम का सीवरेज व ड्रैनेज



सिस्टम फ्लाप होने से लोगो के घरो में कैमिकल युक्त पानी व बुड्ढे दरिया का गंदा पानी घुस गया। करोड़ों रुपये का टैक्स अदा करने वाला ट्रांस्पोर्ट नगर, समराला चौंक, चंडीगढ़ रोड, शिवाजी नगर, न्यू कुंदन पुरी,ढोलेवाल चौंक सहित सैंकड़ो क्षेत्रों में कारोबारी स्थलों व घरो में पानी घुसने से लाखो रुपये का नुक्सान हुआ। केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी योजना के तहत बेरतरतीब खर्च किए करीब 980 करोड़ रुपये की राशि भी मानसून की पहली दस्तक के समक्ष कमजोर दिखाई दी। शहर करीब 10 घंटे तक बरसाती पानी से बंधक बना रहा। दूसरी तरफ से आप के विधायक अपने-अपने (विधानसभा) सेवा क्षेत्र छोड़ कर जांलधर उपचुनाव में आप सरकार के झूठे विकास माडल के नाम पर वोट मांगते रहे। जतिन्द्र मितल ने चेतावनी भरे लहजे में नगर निगम कमिश्नर को चेतावनी देते हुए कहा कि वह विधायकों के चंगुल से निकल कर शहर की सीवरेज व्यवस्था को दरुस्त करें अन्यथा भाजपा सडक़ों पर उतर कर विरोध जताएगी।

# मोदी सरकार खेलो को लेकर युवाओं के हितों को दे रही है प्राथमिकता : सान्या शर्मा



उदय सवेरा

हिमाचल ऊना, 1 जुलाई (सनी पाल) रॉकबाल एसोसिएशन की 3दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप ऊना हिमाचल प्रदेश में आयोजित की गई। जिसमें 17 राज्यों की टीमों ने भाग लिया इस चैंपियनशिप में मुख्यतिथि के रूप भाजपा महिला मोर्चा देहाती की अध्यक्ष सान्या शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर खिलाड़ियों को खेलो के प्रति उत्साहित किया। इस अवसर पर सान्या शर्मा ने कहा कि खेल की सबसे बड़ी ताकत युवाओं को विभिन्न बुराइयों से दूर ले जाने की क्षमता है। खेल लचीलापन पैदा करते हैं, एकाग्रता बढ़ाते हैं और हमारा ध्यान केंद्रित रखते हैं। इसलिए, खेल व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार खेलो को लेकर युवाओं के हितों को प्राथमिकता देती है। सरकार ने खिलाड़ियों को अधिक अवसर प्रदान करके, चयन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करके और उन्हें संसाधन उपलब्ध कराकर बहुत सहायता की है।इस अवसर पर रॉक बाल के महासचिव जसबीर सिंह हिमाचल प्रदेश,दिनेश सिंह राठौड़ सचिव पंजाब,भूपिंदर सागवान महासचिव इंडिया ने सान्या शर्मा को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# माता वैष्णो देवी श्रद्धालुओं की बस पर कायराना आतंकी हमले की भाजपा प्रधान धीमान ने कड़ी निंदा की

उदय सवेरा



लुधियाना, 10 जून (मनिंदर कुमार) भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान ने स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करते हुए एक ब्यान प्रेस ब्यान जारी किया जिसमे उन्होंने जम्मू-कश्मीर के रियासी में रविवार शाम माता वैष्णो देवी जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकवादियों द्वारा किया गया कायराना हमला बेहद कायरतापूर्ण एवं निंदनीय है।उन्होंने भगवन जी प्रार्थना की है कि हादसे में घायलों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें और दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। भाजपा जिला प्रधान रजनीश धीमान ने बताया की रविवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक माता वैष्णों देवी से तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर संदिग्ध आतंकवादियों की गोलीबारी में दस लोग मारे गए और 33 अन्य घायल हो गए।भाजपा जिला प्रधान रजनीश धीमान ने मांग की है इन आतंकवादियों को जल्द से जल्द पकड़ कड़ी कड़ी सजा दी जाए। इस मौके पर जिला महामंत्री सरदार नरेंद्र सिंह मल्ली,जिला सचिव नवल जैन,भाजपा के सिनियर नेता कमांडर बलबीर सिंह,प्रेस सचिव डॉ.सतीश कुमार,दीपू शर्मा आदि मौजूद थे।

# रवनीत सिंह बिट्टू के केंद्रीय राज्य मंत्री बनने पर जिला भाजपा अध्यक्ष रजनीश धीमान ने उनका मुंह मीठा कराया

## रवनीत सिंह बिट्टू के केंद्रीय राज्य मंत्री बनने पर लुधियाना के लोगों में खुशी की लहर

उदय सवेरा

लुधियाना, (दीपक भंडारी) आज केंद्र में तीसरी बार बन रही मोदी सरकार में लुधियाना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रवनीत सिंह बिट्टू के केंद्रीय राज्य मंत्री बनने पर लुधियाना के लोगों में खुशी की लहर है। इसे देखते हुए दिल्ली में जिला भाजपा अध्यक्ष रजनीश धीमान ने रवनीत सिंह बिट्टू का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष रजनीश धीमान ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने पुराने गौरव को दोबारा हासिल करने की ओर बढ़ रहा है ।तीसरे कार्यकाल में देश के विकास के लिए कुछ सख्त फैसले लिये जायेंगे।. इसमें कोई समझौता नहीं किया जाएगा। धीमान ने कहा कि बिट्टू के केंद्रीय मंत्री बनने से लुधियाना प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। क्योंकि लुधियाना देश का मानचेस्टर है। आने वाले दिनों में लुधियाना की इंडस्ट्री को मुश्किलों से निजात मिलेगी और लुधियाना में अधूरे पड़े प्रोजेक्टों को भी नई उड़ान मिलेगी। इसके साथ ही भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी रवनीत सिंह बिट्टू का मुंह मीठा करवाया।

# ट्रेनों में फिर से पैर पसारने लगा पानी माफिया

## पैंट्रीकार वाले ही अधिक मूल्य पर बेचने लगे बिना मंजूरी का पानी

उदय सवेरा

लुधियाना, 27 जून (करन अग्रवाल) ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की प्यास पर एक बार फिर से पानी माफिया ने अपना कब्जा करना शुरू कर दिया है। भारत मे चलने वाली तकरीबन सभी ट्रेनों में रेलनीर का पानी न बिक किसी अन्य नामंजूर कंपनियों का पानी धड़ल्ले से बिक रहा है और वो भी रेलवे की तरफ से तय की हुई कीमतों से अधिक मूल्यों पर, जिसे कड़कड़ाती गर्मी में यात्री लेने को मजबूर हो रहे है। ऐसा नही है कि रेलवे बोर्ड को इसकी जानकारी नही है। सूत्रों की माने तो रेलवे बोर्ड को यात्रियों के साथ हो रही इस लूट खसूट की जानकारी है। लेकिन विभाग के ही कुछ लोग ऐसे है जो इस पानी माफिया के साथ मिले हुए है। वहीं, दूसरी तरफ रेलवे बोर्ड ने खानपान सेवाओं के सभी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया है। जो 23 जून से 29 जून तक चलेगा। जिसमें रेलनीर व अन्य खानपान उत्पाद उचित दर पर बेचा जा रहा है या नहीं इस सम्बन्ध में औचक निरिक्षण होगा। इस दौरान जम्मू तवी एक्सप्रेस में चेकिंग की गई।




जिसमें पैंट्रीकार के अधिकृत विक्रेता पानी की बोतल 15 रूपये के बदले 20 रूपये में बेचते पाए गए। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने कोच के यात्रियों से पूछा तो उन्होंने बताया कि इस विक्रेता के साथ-साथ अन्य विक्रेताओं ने भी पानी की बोतलें 20 रूपये में बेची हैं। जांच के दौरान कई रेल यात्रियों के पास अनएप्रूव्ड ब्रांड की पानी की बोतलें भी थी, जो उन्होंने ट्रेन खुलने के बाद गुजरात व राजस्थान के स्टेशनों से ट्रेन के कोच में चढ़े विक्रेताओं से खरीदा था। जम्मूतवी एक्सप्रेस में सभी वातानुकुलित एवं स्लीपर कोचों के रेल यात्रियों से वार्तालाप करने पर 40 रेल यात्रियों ने बताया कि ट्रेन के पैंट्रीकार के अधिकृत विक्रेता ने पानी की बोतल का मूल्य 15 रूपये के बदले 20 रूपये में बेचीं थी। इन 40 केसों में 35 रेल यात्रियों को अनएप्रूव्ड ब्रांड की पानी की बोतलें तथा 5 रेल यात्रियों से रेल नीर पर अधिक शुल्क लिया गया। इतना ही नही आईआर-सीटीसी के नियमों के तहत साइड पैंट्रीकार (लाइसेंसी) वाले भी किसी से कम नही है। उन्होंने तो साइड पैंट्रीकार के नाम पर कई ट्रेनों के आधे कोचों में अपना कब्जा जमाया हुआ है। जिसमें यात्रियों को बैठने में परेशानी होती साफ दिखाई देती है। इसी क्रम में रेलवे स्टेशन लुधियाना के डायरेक्टर दिवाकर वार्ष्णेय ने खुद गाड़ी संख्या 12920 (मालवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस) की गहन जाँच की, जिसमें उनके साथ निरिक्षण के दौरान उप स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य सुनील उपस्थित रहे। जिन्हें ओवरचार्जिंग का कोई केस नहीं मिला। लेकिन आईआर-सीटीसी के अधिकृत विक्रेताओं के पास जनता भोजन या बिल बुक भी उपलब्ध नहीं थी। वहीं, पैंट्रीकार के बॉयलर चालू हालत में नहीं थे। पैंट्रीकार में कोई कीट और कृंतक स्प्रे उपलब्ध नहीं थे और पेंट्रीकार में कूड़ेदान ढके हुए नहीं थे। जिसके बाद पैंट्रीकार के मैनेजर की काउंसलिंग की गई। जिसके बाद आईआरसीटीसी के नियमों के तहत पैंट्रीकार लाइसेंसी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही हेतू आईआरसीटीसी के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

### बेगमपुरा एक्सप्रेस में भी पानी माफिया का कब्जा

- रेलवे बोर्ड की तरफ से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी की तरफ से गाड़ी संख्या 12238 (बेगमपुरा एक्सप्रेस) में भी औचक निरिक्षण किया गया। उनके इस निरिक्षण के दौरान वाणिज्य निरीक्षक जालंधर नितेश शर्मा उपस्थित। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने निरिक्षण के दौरान पाया कि कई रेल यात्रियों के पास अनएप्रूव्ड ब्रांड की पानी की बोतलें थी। जो पानी माफिया के काले कारोबार की ओर इशारा करती थीं। बेगमपुरा एक्सप्रेस में सभी वातानु-कुलित एवं स्लीपर कोचों के रेल यात्रियों से बातचीत करने पर 135 रेल यात्रियों ने बताया कि ट्रेन के साइड पैंट्रीकार के अधिकृत विक्रेता ने पानी की बोतल का मूल्य 15 रूपये के बदले 20 रूपये में बेचीं थी। इन 135 केसों में 35 रेल यात्रियों को अनएप्रूव्ड ब्रांड की पानी की बोतलें पर तथा 100 रेल यात्रियों से रेलनीर पर अधिक शुल्क लिया गया। निरिक्षण के दौरान आईआ-रसीटीसी के अधिकृत विक्रेताओं की तरफ से बेचे जा रहे बर्गर, पोहा और नूडल्स पर मैन्युफैक्चरिंग / एक्सपायरी की तिथि व कीमत का स्टिकर नहीं मिला। बर्गर की क्वालिटी तय मानक के अनुरूप नहीं थी। आईआर-सीटीसी के नियमों के तहत साइड पैंट्रीकार लाइसेंसी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही हेतू अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

### अनियमित यात्रा करने वालों से वसूला जुर्माना

- समर सीजन के दौरान ट्रेनों में भीड़-भाड़ के मद्देनजर चल रहे स्पेशल टिकट चेकिंग ड्राइव के अंतर्गत बेगमपुरा एक्सप्रेस में सघन टिकट चेकिंग किया गया। इस टिकट चेकिंग के दौरान अनियमित यात्रा कर रहे यात्रियों से 53 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। वरि० मंडल वाणिज्य प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी ने रेल यात्रियों से अपील किया कि वह वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें, साथ ही अनारक्षित टिकट धारक रेल यात्री आरक्षित कोच में सफ़र न करें।

# हिन्दू सुरक्षा परिषद बजरंग दल हिन्द व श्री हिन्दू तख़्त ने की श्री वैष्णो देवी जा रहे यात्रियों पर हमले की निंदा



उदय सवेरा


लुधियाना, (सुदर्शन खन्ना) जम्मू कश्मीर में आने वाले धार्मिक यात्रियों की हो सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार भव्य भरद्वाज ने प्रेस के नाम जारी बयान में गत दिवस वैष्णो देवी जा रहे रहे यात्रियों पर आतंकियों द्वारा हमला करके 10 यात्रियों को शहीद किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की हे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उधर प्रधान मंत्री की शपथ ग्रहण की खुशी मनाई जा रही थी । ओर दूसरी ओर जम्मू की रियासी एरिया में श्री वैष्णो देवी जा रहे भक्तो पर गोलियां बरसाई जा रही थी। उन्होंने कहा की इस निर्मम घटना से केंद्र सरकार के दावे खोखले साबित हुए हे जिसमे दावा किया जा रहा था की जम्मू कश्मीर से आतंकवाद का खात्मा कर दिया गया हे।उन्होंने कहा की केंद्र सरकार श्री वैष्णो देवी और आने वाली श्री अमर नाथ यात्रा वा अन्य धार्मिक स्थानों के यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।उन्होंने अंदेशा जताया की ऐसी घटना श्री अमरनाथ यात्रियों के साथ भी हो सकती हे। इस अवसर पर हिन्दू सुरक्षा परिषद बजरंग दल हिन्द के धर्मदिश श्री शंकरआनंद गिरी ने कहा केंद्र सरकार से जम्मू काश्मीर वा अन्य स्थानों पर आतंकियों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए जाए और शहीद हुए यात्रियों को 50_ 50 लाख रुपए दिए जाने और शहीद परिवारों के एक एक पारिवारिक सदस्यों को सरकारी नोकरी दिए जाने की मांग की है उन्होंने कहा की अगर इस तरह की घटनाएं जारी रही तो हिन्दू सुरक्षा परिषद बजरंग दल हिन्द वहाँ जाकर आंदोलन शुरू कर देगी। इस अवसर पर श्री दुर्गा माता मंदिर के प्रमुख दास लाड़ी चौहान, मनी काकोवाल, प्रिंस ग्रेवाल, दीपक कुमार,मनीश कुमार,दीपक चौहान, कृष ओर बजरंग दल हिन्द पंजाब अध्यक्ष रोहित जलोटा,शंकर भारद्वाज मेम्बर राष्ट्रीय कोर कमेटी बजरंग दल हिन्द ,संदीप शर्मा राष्ट्रीय प्रचारक बजरंग दल हिन्द ,गिन्ताश गोतम चेयरमैन बजरंग दल हिन्द ,विशाल पूरी,उप चेयरमैन बजरंग दल हिन्द ,गौरव शर्मा उप पंजाब प्रधान बजरंग दल हिन्द ,हरदीप शहरी प्रधान बजरंग दल हिन्द ,सुमित ज़िला प्रधान बजरंग दल हिन्द ,योगेश बावा ई टी सैल बजरंग दल हिन्द , संजू मेहरा प्रधान हल्का सामना बजरंग दल हिन्द , जैंकी मेहरा प्रधान गौ रक्षा विंग हल्का सामना, पुनीत गोयल प्रधान हल्का मनसा और बजरंग दल हिन्द की टीम मौजूद रही ।

# महज चंद मिनटों की बारिश ने लुधियाना नगर निगम की पोल खोल कर रख दी--भाजपा

## विधायकों के तमाम दावें हुए फोटो शूट साबित


उदय सवेरा

लुधियाना, 27 जून (दीपक भंडारी) महज चन्द मिनटों की बारिश में शहर डूबा,विधायकों के बरसाती पानी की निकासी के प्रबंध करवाने के तमाम दावे हुए खोखले साबित।वो सिर्फ ओर सिर्फ पोटो खिंचवाने में लगे रहे।गंदा पानी लोगो की दुकानों व घरों में गुस्सा,लाखों का नुक़सान हुआ। यह विचार ज़िला भाजपा प्रधान रजनीश धीमान,पंजाब भाजपा मीडिया पैनलिस्ट परमिंदर मेहता व ज़िला प्रेस सचिव डॉ.सतीश कुमार ने बरसाती पानी के महानगर के भिन्न भिन्न इलाको में भरने से हुए लोगो के नुक़सान पर स्थानीय विधायकों को आड़े हाथ लेते हुए रखें।भाजपा नेताओ ने रोष प्रगट करते हुए कहा की उन्होंने पहले ही प्रशासन को आगाह किया था की महानगर में बरसाती पानी की निकासी के लिए नगर निगम द्वारा कोई भी विशेष प्रबन्ध करना तो दूर नगर की सीवरज व्यवस्था,रोड़ जाली तथा बरसाती नालों तक की सफ़ाई ठीक तरह से नहीं की गई जिसके परिणाम स्वरूप बरसातों में शहर को बरसाती पानी की मार से बचाना नामुनकिन होगा।उन्होंने कहा इस पर



विधायक निगम अधिकारी से बरसाती पानी की निकासी का प्रबंध करवाने के स्थान पर अपने अपने इलाक़ों में फोटो शूट करवाने में लगे रहें।जिसका परिणाम यह रहा की थोड़ी सी बरसात में ही अधिकतर शहर डूब गया।जिसमें लोगो का लाखों रू का नुक़सान हो गया।भाजपा नेताओ ने कहा सबसे अधिक नुक़सान शहर के अंदरूनी इलाको रूपा मिस्त्री गली,तालाब बाज़ार,मलेरी गली,गुड मंडी,टोन हाल रोड,चोड़ा बाज़ार,केसरगंज मंडी रोड,नूरवाला रोड,बसंत विहार,शिवपुरी,सरदार नगर,बुड्ढे दरिया के आसपास के इलाकों इत्यादि में हुआ है।भाजपा नेताओ ने मुख्यमंत्री को भी बरसाती पानी की मार से लोगो के हुए नुक़सान के लिए ज़िम्मेदार बताते हुए कहा की सरकार के समय पर नगर निगम चुनाव ना करवाने से निगम में अव्यवस्था सी फैली हुई है विधायक अपनी मनमर्ज़ी से एसे कार्य करवा रहे है जो जनहित में नहीं।जिसका परिणाम लोगो को अपना नुक़सान करवा कर भुगतान करना पड़ रहा है।उन्होंने सरकार से अपील की है की बरसाती पानी से जिन जिन लोगो का नुक़सान हुआ है उन्हें तरुंत आर्थिक सहायता दी जाए तथा राज्य में शीध्र नगर निगम चुनाब करवाए।जिससे निगम में भी लोकतंत्र की बहाली हो सके ।

# रेलवे स्टेशन की रेल लाइनें मानसून की पहली बारिश में हुई पानी-पानी



उदय सवेरा


लुधियाना, 27 जून (देव सहगल/गगन अरोड़ा) मानसून की पहली बारिश ने ही पंजाब के महानगर लुधियाना के रेलवे स्टेशन की पोल खोल कर रख दी है। जिसमें वीरवार को हुई एक घण्टे की तेज बारिश में रेल लाइनें पानी में तैरती दिखाई दी। इतना ही नही प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर यात्रियों को अपना और अपने सामान को संभालना भी मुश्किल हो गया था। सभी यात्रियों ने बचने के लिए नए बने टिकट घर के नजदीक बने वेटिंग हॉल में शरण ली। लेकिन वहां भी वह सुरक्षित नही रहे। एक तरफ पानी बरस रहा था। वहीं दूसरी तरफ गर्मी और उमस से लोगों में घबराहट भी देखी गई। लेकिन इस सबसे अलग यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं से रेलवे प्रशासन को कोई फर्क पड़ता नही दिखाई दे रहा है।

# फॉदर डे समारोह की सभी तैयारियां संपूर्ण : ढोसीवाल

## -- 30 को होगा समागम --

उदय सवेरा

श्री मुक्तसर साहिब, 27 जून (व्यूरो) शहर में किसी सरकारी या गैर सरकारी संस्था द्वारा पहली बार अंतरराष्ट्रीय फॉदर डे मनाया जाएगा। इस संबंधी समाज के भले और विकास को समर्पित प्रमुख गैर सरकारी समाज सेवी संस्था मुक्तसर विकास मिशन द्वारा अगामी 30 जून रविवार को स्थानीय रेलवे रोड स्थित पवन होटल में सुबह 11:00 बजे विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा। मिशन मुखी प्रसिद्ध समाज सेवक जगदीश राय ढोसीवाल की प्रधानगी में होने वाले इस समारोह की सभी तैयारियां संपूर्ण हो चुकी हैं। समारोह दौरान मिशन के पदाधिकारी और मैंबरों के इलावा शहर के प्रमुख व्यक्ति भी शामिल होंगे। इलाके के प्रसिद्ध समाज सेवक और राजनीतिक तौर पर साफ सुथरा अकस रखने वाले नामवर नेता पुशपिंदर भंडारी समारोह के मुख्य मेहमान होंगे। मिशन के चीफ पैटर्न सेवा मुक्त पुलिस इंस्पेक्टर जगसीर सिंह समारोह दौरान स्टेज संचालन करेंगे। कई समाज सेवी संस्थाओं से जुड़े मिशन के



चेयरमैन लाइन निरंजन सिंह रखरा समारोह दौरान शामिल सभी मैंबरों का स्वागत करेंगे। इसके इलावा मिशन के सहायक लोक संपर्क अधिकारी और जशन पंजाबी टी.वी. चैनल के मुखी साहिल कुमार हैप्पी सभी मैंबरों का परिचय करवाएंगे। आज यहां यह जानकारी देते हुए श्री ढोसीवाल ने बताया है कि इस समारोह संबंधी सोशल मीडिया पर फॉदर डे को समर्पित प्रतियोगिता करवाई कई थी। इस प्रतियोगिता के लिए जज्जमैंट पैनल की मुखी मैडम शैलजा गिरधर पैनल के दोनों मैंबरों मैडम पूनम गिरधर और मैडम दीपिका की मौजूदगी में प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा करेंगी। ढोसीवाल ने आगे बताया है कि प्रतियोगिता में फस्ट आने वाले व्यक्ति समेत सभी मैंबरों को मिशन द्वारा मुख्य मेहमान के कर कमलों से शानदार सम्मान चिन्ह भेंट किए जाएंगे। समारोह दौरान मिशन मैंबरों द्वारा हलका फुलका मनोरंजन भी किया जाएगा। समारोह के अंत में सभी के लिए चाय-पानी का विशेष प्रबंध किया जाएगा। प्रधान ढोसीवाल ने मिशन द्वारा फॉदर डे समारोह में शामिल होने के लिए सभी को खुला निमंत्रण दिया है।

# मोदी का तीसरी बार प्रधान मंत्री बनना देश के लिए शुभ संकेत : विपन मित्तल

## नये कीर्तिमान स्थापित होंगे

उदय सवेरा

फरीदकोट, 12 जून (उदय सवेरा) युग पुरूष नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधान मंत्री का पद संभाल लिया है। पिछले दस वर्षों के दोनों कार्यकाल दौरान जहां मोदी ने आंतरिक राष्ट्रविरोधी ताकतों को सिर नहीं उठाने दिया, वहीं बाहरी दुशमनों को भी सख्त सबक सिखाया। देश का नाम पूरी दुनिया में उपर उठाया। अब नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधान मंत्री का पद संभालना पूरे देश के लिए शुभ संकेत है। मोदी की अगुवाई में भारत पूरी दुनिया में नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। इन विचारों का प्रक्टावा आज यहां स्वच्छ भारत अभ्यान के जिला प्रधान और प्रसिद्ध समाज सेवक विपन मित्तल ने किया। श्री मित्तल ने मोदी को पद संभालने पर बधाई देते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की। श्री मित्तल ने आगे कहा है कि श्री मोदी सब का साथ सब का विकास के सिद्धांत



पर चलते हैं। वह देश के सर्वपक्षी विकास के लिए प्रयत्नशील हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधान मंत्री के कार्यकाल को सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा और पूरे समाज को उनकी देन कभी नहीं भुलाई जा सकेगी। प्रधान विपन मित्तल ने आगे कहा है कि प्रधान मंत्री की जन हित्त नीतिओं की बदौलत ही पंजाब में भारतीय जनता पार्टी का वोट बैंक बढ़ा है। अगामी विधान सभा चुनाव में राज्य में भाजपा की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# रेरू नौजवान सभा सेवा गरीब संगठन और हमसफर यूथ क्लब ने पानी के कुज्जे पौधे बांटे और छबील का लंगर लगाया

## धन्य श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर कार्य किए आयोजित



उदय सवेरा

जालंधर, (प्रमोद मित्तल) रेरू गांव में सिख धर्म के महान शहीद श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रेरू गांव की युवा सभा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए मीठे पानी की छबील का लंगर लगाया गया पर्यावरण प्रेमियों के लिए पौधे भी वितरित किए गए, हमसफ़र यूथ क्लब ने पक्षियों के लिए कच्चे पानी के बर्तन, वितरित किए, इसी तरह, तीन सामाजिक संगठनों ने भी समाज को मानवता का कर्तव्य निभाने का संदेश दिया | हमसफ़र यूथ क्लब के मुख्य अधिकारी रोहित भाटिया ने बताया दिन-ब-दिन बढ़ती भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे वितरित किए गए और पौधे लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी से पौधे लगाने और उनका पालन-पोषण करने के लिए कहा गया पृथ्वी वृक्षों की नींव पर खड़ी है, जिसके साथ-साथ जल का भी समन्वय है, हमें अपने बेटे-बेटियों की तरह इन्हे पालना चाहिए चाहिए जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी हमारे लिए बहुत उपयोगी वरदान साबित होंगे। मैडीटेट विशेषज्ञ रंजीत कौर ने कहा कि जिस तरह हम ध्यान करके अपनी दर्पण आत्मा से बात करते हैं, उसी तरह हम अपने भीतर के ध्यान से पेड़ों से भी बात कर सकते हैं, जो हमारी तरह ही वर्षो की जून का आनंद ले रहे हैं। हमें उन्हें स्नेह और प्रेम से संजोना और सम्मान देना चाहिए। इस अवसर पर हमसफर यूथ क्लब ने रेरू गांव नोजवान सभा सेवा गरीब की संस्था और पदाधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर रोहित भाटिया पूनम भाटिया रणजीत कौर सरबजीत सिंह रमन कुमार रिंकलवीर सिंह जगजीत कुमार हरदीप मिंटू गोल्डी अमन गौरव अंकुश आशु साहिल राजू बबलू गोपी शीलू रूपा सनी गोपी बसरा हैरी एरिक करनैल संतोखपूरी अमरजीत महे हरविंदर निका सहित कई महान सज्जन उपस्थित थे |

# अखिल भारतीय संत नामदेव महासभा पंजाब द्वारा हुआ मीटिंग का आयोजन



उदय सवेरा

लुधियाना, (प्रिन्स गर्ग ) लुधियाना के नुरवाल रोड आनंद पूरी कालोनी में नामदेव समाज द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे अखिल भारतीय संत नामदेव महासभा महासभा के चेयरमैन पद पर श्री रविन्द्र पुरवा और राष्ट्रीय प्रधान के पद पर दर्शन राणा को नियुक्त किया गया ,इसके इलावा अजीत सिंह फूल को जर्नल सेक्ट्री सतीश कुमार बागड़ी को संगठन मंत्री,संजय नीरज को केशियर ,सुशील कुमार धवन को सहायक केशियर ,परवीन पुरवा को फाइनेंस सेक्ट्री, भूपेंद्र सिंह खुर्पा को उप प्रधान,रघुबीर सिंह को उप चेयर मैन ,और ललित को प्रेस सेक्ट्री,नरेश कुमार को उप प्रधान,सतपाल नामदेव को सीनियर उप प्रधान ,विजय कुमार को ज्वाइंट सेक्ट्री और संजीव कुमार,शीश पाल,हरीश कुमार,संदीप कुमार,मुनीश धवन,शैली नामदेव,को कार्यकारणी सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया युवा मोर्चा टीम में साहिल पुरवा,अमन नीरज,अजय कुमार,केशव फूल,सक्षम पुरवा को अखिल भारतीय संत नामदेव महासभा ने नियुक्त किया गया।